# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

## पैट्रोल व डीजल के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी पर बनाई मानव श्रंखला

**प्रदर्शन**

■ सोशल डिस्टेसिंग का किया खुला उल्लंघन

**संवाददाता**

देहरादून। पैट्रोल व डीजल के दामों में की गई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के खिलाफ केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों का हुजूम सड़कों पर उतरा और इस दौरान केन्द्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और गांधी पार्क से लेकर घंटाघर तक मानव श्रंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज करते हुए सरकार को जगाने का काम किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने सोशल डिस्टेसिंग का खुला उल्लंघन किया और वरिष्ठ नेता सोशल डिस्टेसिंग बनाने को कहते रहे लेकिन सभी ने इसे अनसुना कर दिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में इकट्ठा हुए और वहां से उन्होंने पैट्रोल व डीजल के दामों में की गई



अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के खिलाफ राजधानी में प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली और वहीं गांधी पार्क से घंटाघर तक मानव श्रंखला बनाकर केन्द्र व राज्य सरकार का विरोध दर्ज किया गया और इस बीच जाम की स्थिति भी बनी रही।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि लगातार पैट्रोलियम पदार्थों में केन्द्र सरकार लगातार बढोत्तरी करती आ रही है और एक ओर देश की जनता कोरोना वायरस कोविड 19 से परेशान है और वहीं दूसरी ओर लगातार पैट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाकर केन्द्र सरकार लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रही है जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूत विपक्ष के रूप में काम करते हुए सरकार को जगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी को जारी रखते हुए इस कोरोना काल में आर्थिक रूप से परेशान जनता के ऊपर बडी मार की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में तेल की बढी हुई कीमतों से जनता त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रही है, परन्तु केन्द्र व राज्य सरकार पूरी तरह से तेल कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से चुप्पी साधे हुए है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के दोनों कार्यकालों में छह वर्ष के भीतर केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों में कीमतें बढाकर जनता की गाढी कमाई पर डाका डालने का काम किया है। कांग्रेस जनता की परेशानियों के मद्देनजर अब मजबूरी में इस कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण काल में सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रही है। राज्य में परिवहन क्षेत्र के किरायों में जिस प्रकार से दुगनी–तिगुनी वृद्धि की गई है और केन्द्र सरकार इन कीमतों को नियंत्रित करने में कोई ठोस पहल नहीं कर पा रही है।

पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को लूट की छूट दे रखी है जिस कारण वह मनमानी कर रहे।

## न्यूज डायरी

### मांगों के समाधान को एक बार फिर मुखर हुआ जनरल ओबीसी इम्प्लाईज एसोसिएशन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराख.ड जनरल ओबीसी इम्प्लाईज एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार की सकारात्मक कार्यवाही न होने से रोष बना हुआ है और इसके लिए संयोजकों को पत्र भी लिखे गये है। एसोसिएशन के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह गुसांई ने कहा कि पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुखर होते हुए आंदोलन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जनरल ओबीसी इम्प्लाईज एसोसिएशन द्वारा 19 जून 2020 के पत्र प्रेषित कार्यक्रम को वृहद रूप दिये जान के साथ ही 22 मई 2020 को जारी सीधी भर्ती के रोस्टर को तत्काल वापस लेते हुए पूर्व में जारी 11 सितम्बर 2019 के शासनादेश को पुनर्स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष दीपक जोशी की गिरफ्तारी हेतु किये जा रहे विभिन्न प्रपंचों का तत्काल पटाक्षेप किया जाये।

### जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट

**संवाददाता** देहरादून। पर्वतीय दिव्यांग सेवा संस्थान ने 50 राशन किट वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गुलशन बाहरी ने बताया कि लॉकडाउन के चलते जिन दिव्यांगों के रोजगार बंद हो गए उनके सहयोग हेतु डॉक्टर समाजसेवी डॉक्टर फारुख एवं दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र सिंह मान ने 50 राशन की किट जिसमें आटा दाल चावल तेल मसाले आदि सभी शामिल हैं अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राशन किट केवल उन्होंने लिया है जो ज्यादा जरूरतमंद थे। राजेंद्र कुमार, सुनीता एवं सफीउर रहमान ने अपने कर कमलों से किट बांटे जिन्हें संस्थान अध्यक्ष गुलशन बहारों ने अपने पैरों पर खड़े होने में सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि समय समय पर जरूरतमंदों को राशन किट उपलब्ध कराया जायेगा और इसके लिए व्यापक स्तर पर नीति तैयार की जायेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष ने चार दिव्यांगों को शीघ्र व्हीलचेयर दिलाने का भरोसा दिया।

### दून में, 2 ऑथोराइज्ड डीलरशिप्स से पाइये टाटा मोटर्स का ''कीज टु सेफ्टी'' पैकेज

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख ऑटो ब्रांड, टाटा मोटर्स ने देहरादून में अपने डीलर पार्टनर्स, दून व्हील और ओबेरॉय मोटर्स के साथ मिलकर उपभोक्ताओं को अपना ''कीज टु सेफ्टी'' पैकेज प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है। यह ऑफर्स का एक संपूर्ण पैकेज है जोकि कंपनी के सभी यात्री वाहनों पर लागू होता है। इसमें हैचबैक, सेडान और एसयूवी जैसे टियागो, टिगोर, नेक्सन और हैरियर जैसे वाहन शामिल हैं। इसके तहत आसान फाइनेंसिंग के कई विकल्प, किफायती ईएमआइ, लंबी अवधि के लोन शामिल हैं।

## प्रदेश के 10 से 15 हजार युवाओं को स्वरोजगार देने का लक्ष्यः कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, आवास, राजीव गाँधी शहरी आवास, जनगणना, पुनर्गठन एवं निर्वाचन मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा, सभा कक्ष में उत्तराखंड में वैकल्पिक ऊर्जा को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जोड़ने के संबंध में बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद थे। बैठक में ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, वैकल्पिक ऊर्जा एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों ने प्रतिभाग कर प्रदेश के 10 पर्वतीय जनपदों में वैकल्पिक ऊर्जा के उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा की। विचार–विमर्श के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों ने इस परियोजना को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जोड़े जाने और उसकी सफलता को लेकर उत्साह दिखाते हुए योजना को स्वरोजगार की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण एवं वरदान साबित होने वाली योजना बताया।

बैठक में राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं



■वैकल्पिक ऊर्जा को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जोड़ने पर मंथन

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा के उत्पादन संबंधी योजना स्वरोजगार की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण प्रतीत होती है। जिसके तहत 25 से 50 किलोवाट तक के सोलर ऊर्जा के संयंत्र स्थापित कर प्रदेश के 10 से 15 हजार युवाओं को स्वरोजगार देने का लक्ष्य है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र ही परियोजना का खाका तैयार कर एक सप्ताह के भीतर पुनः प्रस्तुतीकरण के निर्देश दिये।

बैठक में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य के पर्वतीय जनपदों में वैकल्पिक ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं।



## दून में मर्सिडीज कार में अचानक लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**संवाददाता** देहरादून। दून के आशारोड़ी के निकट एक करोड़ की मर्सिडीज कार में अचानक आग लग गई। उसमें बैठक चालक और अन्य एक व्यक्ति ने किसी तरह अपनी जान बचाई। दरअसल, गुरुवार को एक मर्सिडीज कार सर्विस के लिए चंद्रमणि चौक स्थित शोरूम में लाई गई थी। सर्विस के बाद कार की टेस्टिंग लेने के लिए मैकेनिक और शोरूम का कर्मचारी निकला। जैसे ही कार आशा रोड़ी के निकट आरटीओ चेक पोस्ट के सामने पहुंची कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार मैकेनिक और कंपनी का प्रतिनिधि किसी तरह कार से निकलकर बाहर निकले। देखते देखते पूरी कार धू धू कर जलने लगी।

आग की घटना के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार पर लगी आग बुझाई।

## यमुना घाटी को आलवेदर रोड़ व रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए क्षेत्रीय लोग हुए मुखर

**संवाददाता**

■नोगांव से पुरोला, मोरी, आराकोट तक रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग

■दून से विकासनगर,नैनबाग, डामटा, नोगांव,बड़कोट से यमनोत्री तक जोड़ने की माँग

पुरोला। भारत सरकार द्वारा चारधाम परियोजना के अंर्तगत चारो धामों को आलवेदर रोड व रेलवे लाइन से जोड़ने की भारत सरकार की योजना है पर यमुना घाटी के लोग इस योजन मे समिलित न करने से घाटी के लोग नाखुश हैं। जिसे लेकर घाटी के सामाजिक कार्यकर्ता मनमोहन चौहान ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री व रेलमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि यमुनाघाटी क्षेत्र को रेलवे लाइन व आलवेदर परियोजना में सम्मिलित न कर के क्षेत्र के लोगों के साथ नाइंसाफी की गई जबकि हिन्दू धर्म व मान्यताओ के अनुसार सर्बप्रथम यमुनोत्री धाम के दर्शन करने होते है उसके बाद गंगोत्री,केदारनाथ, बद्रीनाथ के दर्शन होते है जिसके लिए रेलवे लाइन को देहरादून से विकासनगर,नैनबाग, डामटा,नोगांव बड़कोट होते हुए यमुनोत्री तक होना चाहिए दुसरी ओर क्षेत्र के पुरोला ,मोरि आराकोट बंगाण को भी आलवेदर रोड़ व रेलवे लाइन से जोड़ना अति आवश्यक है ।

ज्ञापन में कहा गया है कि पुरोला लाल चावल की खेती के लिए विश्वप्रसिद्ध स्थान बनता जा रहा है वहीं मोरी क्षेत्र पर्यटन व बागवानी के क्षेत्र में अपना एक विशेष स्थान रखता है जहां प्रयटक हजारो हर साल घुमने आते है मोरी में पर्यटन के लिये केदारकंठा,हरकीदून,चाईसील, बालचा, विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल है जिसमे चाईसील को 2017 में ट्रेक ऑफ द ईयर चुना गया था जबकि बागवानी के क्षेत्र में भी मोरी, पुरोला,नोगांव प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान रखते है क्षेत्र से हजारो टन सेब देश की बिभिन्न मंडियों में जाता है ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र को रेलवे लाइन व आलवेदर परियोजना में जन हित मे जोड़ना नितांत आवश्यक है ।

## कनिष्ठ अभियंताओं को शहरी विकास विभाग में समायोजित करने को लेकर बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक तथा कृषि मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा विधान सभा स्थित सभाकक्ष में शहरी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ, कृषि विभाग में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं को शहरी विकास विभाग में समायोजित करने के संबंध में बैठक एवं वार्ता की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि कृषि विभाग में नियमित(रेगुलर) रूप से कार्यरत तथा सिविल डिप्लोमाधारी आउटसोर्स कनिष्ठ अभियंताओं से समायोजन के संबंध में संबंधित कार्मिकों की पूर्व सहमति ली जाए। इसके अतिरिक्त निर्णय लिया गया कि कृषि विभाग से शहरी विकास विभाग में समायोजित होने वाले कनिष्ठ अभियंताओं की वरिष्ठता भी बरकरार रखी जाए। मत्रीगणों ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को तेजी कार्य करने के निर्देश दिये ताकि आगामी बैठक में इसको कैबिनेट में प्रस्तुत किया जा सके। इस अवसर पर सचिव शहरी विकास विभाग शैलेश बगोली एवं अपर सचिव कृषि राम विलास यादव सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद थे।